भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1425
गुरूवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण योजना

1425 श्री रायगा कृष्णैया:
श्रीमती किरण चौधरी:
श्री मिथलेश कुमार:
श्री आदित्य प्रसाद:
श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के शुरू होने से अब तक प्रशिक्षित व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों, विशेषकर ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में, की रोजगार दर या उद्‌यमशीलता संबंधी परिणाम क्या हैं;

(ग) क्या पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों की महिलाएं और युवा इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों तक उचित पहुंच प्राप्त कर रहें है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण" (सीबीएसपी) योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय पर्यटन हितधारकों के लिए देश भर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिसमें शहरी, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्र शामिल हैं। इन प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप प्लेसमेंट, स्व-रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं, साथ ही कई प्रशिक्षु डिप्लोमा और डिग्री जैसे उच्च अध्ययन का विकल्प भी चुनते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इसकी शुरुआत से अब तक कुल 5.54 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और 59210 लोगों को प्लेसमेंट मिल चुका है।

सभी सरकारी और सूचीबद्‌ध (इमपैनल्ड) संस्थान प्रशिक्षण आयोजित करने से पहले विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विज्ञापन देते हैं, जिससे यह जनजातीय क्षेत्रों के महिलाओं और युवाओं सहित उम्मीदवारों के विविध समूह तक पहुंचने में प्रभावी हो जाता है।

*****